सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

# संदेश

विश्व हिन्दी दिवस की सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय के मुख्यालय और विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन एवं केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सराहनीय है।

कहा गया है- 'भाषा विश्वं योजयति' अर्थात् भाषा विश्व को जोड़ती है। हमारी गौरवशाली संस्कृति व संस्कारों को तकनीक के इस दौर में विभिन्न माध्यमों से दुनिया के हर हिस्से में पहुंचाने में हिन्दी का बड़ा योगदान रहा है।

आजादी के अमृतकाल में देश पंचप्राणों में शामिल, 'विरासत पर गर्व' और 'गुलामी की मानसिकता से मुक्ति' के भाव के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारा देश अनेक भाषाओं व संस्कृतियों की जननी है और यह समृद्ध विरासत हमें सतत प्रेरणा देती है। इसी प्रकार, औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति के लिए आपसी संवाद और परस्पर समन्वय को सशक्त करने में अमृतकाल में भारतीय भाषाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है।

हिन्दी की प्रगति, हमारे राष्ट्र के मूल्यों के प्रसार के साथ-साथ विश्व बंधुत्व के भाव से भी जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की विशेष पहचान और भारतवंशियों को एकता के सूत्र में पिरोने में हिन्दी एक मजबूत कड़ी है।

विश्व हिन्दी दिवस, हमें लोक अभिव्यक्ति की समृद्ध निधि के रूप में हिन्दी के महत्व को समझने और इसका उत्सव मनाने का एक अवसर देता है। मुझे विश्वास है कि इस अवसर पर सभी हिन्दी प्रेमी न केवल स्वयं अधिक-से-अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करेंगे, बल्कि भावी पीढ़ी को भी अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ने में अमूल्य योगदान देंगे।

विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर विश्व भर में आयोजित कार्यक्रमों से जुड़े सभी हिन्दी प्रेमियों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली<br>
पौष 14, शक संवत् 1944<br>
04 जनवरी, 2023